प्रादेशिक समाचार
05.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बोकारो की डॉ. आशा रानी समेत देशभर के 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित, बच्चों की शिक्षा में महिलाओं के प्रति सम्मान और नैतिक मूल्यों को शामिल करने पर दिया जोर।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने संथाल परगना में घुसपैठ नहीं होने की रिपोर्ट पर जतायी हैरानी, अदालत ने क्षेत्र में एक भी घुसपैठ होने पर उपायुक्तों पर अवमानना का केस चलाने की दी चेतावनी।
3. उत्पाद विभाग में पुलिस की बहाली दौड़ प्रक्रिया 10 सितंबर से 13 सितंबर तक छह केंद्रों पर की जायेगी पूरी, पलामू के 42 हजार अभ्यर्थियों की दौड़ 19 और 20 सितंबर को होगी।
4. चतरा जिले की टंडवा पुलिस और एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई कर चार नक्सलियों को किया गिरफ्तार, बड़ी घटना को अंजाम देने की कर रहे थे तैयारी।

मौसम विभाग ने रांची, पलामू और धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार– 2024 से सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में बोकारो की चंदनक्यारी स्थित प्लस टू हाई स्कूल की शिक्षिका डॉ. आशा रानी भी शामिल हैं। इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि वे महिलाओं की गरिमा के अनुकूल आचरण करें।

बोकारो की डॉक्टर आशा रानी ने बताया कि संस्कृत के साथ बांग्ला भाषा को एकीकृत कर सरल और सुलभ बनाने का प्रयास किया।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ नहीं होने की उपायुक्तों की रिपोर्ट पर हैरानी जतायी है। अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक भी घुसपैठ पाया गया तो संबंधित जिले के डीसी पर अवमानना का केस चलाया जायेगा। पिछली सुनवाई में संथाल के छह जिलों–गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ के उपायुक्तों ने घुसपैठ होने से इनकार किया था।

इधर केंद्र सरकार इस मामले पर गहन अध्ययन कर रही है। सरकार अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जल्द पेश करेगी।

****

उत्पाद विभाग में पुलिस की बहाली दौड़ प्रक्रिया 10 सितंबर से 13 सितंबर तक छह केंद्रों पर पूरी की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर के मल्लिक ने बताया कि उत्पाद सिपाही बहाली में 12 व्यक्तियों की मौत के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। उन्होनें बताया की मुख्यमंत्री ने इस मामले की समीक्षा की जिसके बाद फिर से प्रक्रिया शुरू करने करने का निर्णय लिया गया। वहीं पलामू केंद्र में शामिल होने वाले 42 हजार अभ्यर्थियों की दौड़ प्रकिया बाकी है जो 19 और 20 सितंबर को पूरी की जाएगी।

****

चतरा जिले की टंडवा पुलिस और एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। टंडवा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार ने आकाशवाणी को बताया कि टंडवा–पिपरवार क्षेत्र में टी एस पी सी नक्सली संगठन के जोनल कमांडर अभिषेक, सब जोनल कमांडर ऋषिकेश अपने सहयोगियों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था।

****

राज्य सरकार की ओर से गुमला जिले में आज आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कार्यक्रम के इस चौथे चरण में जरूरतमंद लोगों को हक और अधिकार देने और विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गुमला और लोहरदगा जिले में लगभग 350 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। गुमला के पंद्रह हजार से अधिक लाभुकों और लोहरदगा के बारह हजार से अधिक लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

इधर, लोहरदगा सदर प्रखंड की जुरिया पंचायत के लाभुकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपना अनुभव साझा किया।

****

हजारीबाग में राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक मनोज कुमार पेड़ बचाने की मुहिम चला रहे है। मनोज कुमार अब तक हजारीबाग और आसपास पांच हजार से अधिक पेड़ पौधे लगा चुके हैं। इस अभियान में नेत्रहीन भी जुट रहे हैं। उन्होंने 200 से अधिक बच्चों को पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया है।

****

भारतीय सेना की ओर से रांची के मोरहाबादी में छह से आठ सितंबर तक सशक्त सेना, समृद्ध भारत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल सुनील राजदेव और कर्नल अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

****

आदित्यपुर के डब्ल्यू टाइप, ईडब्ल्यूएस, और संबंधित लोगों को मकान खाली करने के नोटिस के बाद पीड़ित लोगों ने आवास बोर्ड पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर कार्यालय का घेराव किया। लोगों ने बताया कि आवास बोर्ड ने आदेश दिया है कि वे अवैध निर्माण को तोड़कर जगह को खाली करें। आवास बोर्ड ने सभी फ्लैट आवंटियों को 10 दिनों के भीतर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके लिए विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची के अलावा जिन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है उनमें पलामू, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो भी शामिल हैं। इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की गयी है।

********समाप्त********